## सार-समाचार

### कोटा-बूंदी दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ की बोर्ड बैठक सम्पन्न

**कोटा,** (निसं)। कोटा-बूंदी जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड की बोर्ड बैठक बुधवार को सरस सभागार में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष चैनसिंह राठौड़ ने की। इस अवसर पर अतिरिक्त रजिस्ट्रार बलविंद गिल, आरसीडीएफ के प्रतिनिधि शुभम कुमार जैन, प्रबंध संचालक दिलखुश मीणा सहित संचालक मंडल के सभी सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में कुल 12 बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि संघ की 27वीं वार्षिक आमसभा आगामी 21 नवम्बर को सियाम ऑडिटोरियम, कृषिभवन, नयापुरा (दरबार पेट्रोल पंप के पास) में आयोजित की जाएगी। अध्यक्ष चैनसिंह राठौड़ ने बताया कि संघ 12 वर्ष बाद लाभ (प्रॉफिट) में आया है। संघ ने इस वित्तीय वर्ष में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए किसानों और दुग्ध उत्पादकों के हित में कई निर्णय लिए हैं। उन्होंने घोषणा की कि 15 वर्ष बाद संघ के इतिहास में पहली बार दुग्ध उत्पादकों को 58 लाख रुपये का बोनस दिया जाएगा। यह राशि डीबीटी योजना के माध्यम से सीधे पशुपालकों के खातों में जमा की जाएगी। राठौड़ ने बताया कि त्योहारों के मौसम में मिलावटी खाद्य पदार्थ उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य के लिए चुनौती हैं। सरस ने शुद्ध के युद्ध अभियान के तहत शुद्ध और ताज़ी मिठाइयां लॉन्च कर इस चुनौती को स्वीकार किया है। इस अवसर पर सरस ने कई नए उत्पाद बाजार में उतारे हैं। प्रबंध संचालक दिलखुश मीणा ने बताया कि संघ को डिजिटल रूप से सशक्त करने के लिए कई नई पहलें की जा रही हैं, जिससे दुग्ध संग्रह, भुगतान और उत्पाद वितरण की प्रक्रिया और अधिक पारदर्शी, कुशल एवं समयबद्ध हो सके।

### 100 तीर्थ यात्रियों को एक लाख रूपये की आर्थिक सहायता मिलेगी

**कोटा,** (निसं)। राज्य सरकार द्वारा श्रद्धालुओं को कैलाश मानसरोवर यात्रा हेतु प्रोत्साहित करने और भारतीय संस्कृति, अध्यात्म तथा सनातन परंपराओं के प्रचार-प्रसार की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए कैलाश मानसरोवर यात्रा 2025 पूर्ण करने वाले कुल 100 तीर्थ यात्रियों को प्रति यात्री एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने का निर्णय किया है। जिन तीर्थ यात्रियों द्वारा कैलाश मानसरोवर यात्रा जुलाई से सितम्बर के मध्य सम्पन्न की है वे आर्थिक सहायता के लिए 30 नवम्बर तक आवेदन कर सकते हैं। सहायक आयुक्त, देवस्थान विभाग कृष्ण कुमार खंडेलवाल ने बताया कि विभाग द्वारा राज्य के तीर्थ यात्रियों के लिए आर्थिक सहायता योजना संचालित की जा रही है। इस योजना के अंतर्गत जिन तीर्थ यात्रियों ने जुलाई से सितम्बर माह के मध्य कैलाश मानसरोवर यात्रा पूर्ण की है, वे यात्रा पूर्ण होने के दो माह के भीतर अथवा अंतिम तिथि 30 नवम्बर तक सहायता हेतु आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में विभागीय कार्यालय अथवा देवस्थान विभाग की वेबसाइट से प्राप्त किए जा सकते हैं। यह योजना राज्य सरकार की ओर से श्रद्धालुओं को कैलाश मानसरोवर यात्रा हेतु प्रोत्साहित करने और भारतीय संस्कृति, अध्यात्म तथा सनातन परंपराओं के प्रचार-प्रसार की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने पात्र तीर्थ यात्रियों से अपील की है कि वे निर्धारित समयावधि के भीतर अपने आवेदन अनिवार्य रूप से जमा कराएं ताकि उन्हें समय पर योजना का लाभ मिल सके।

### सघन गुण नियंत्रण अभियान की शुरूआत

**कोटा,** (निसं)। जिले के कृषकों को रबी फसल उत्पादन के लिए उच्च गुणवत्ता वाले कृषि आदानों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से कृषि विभाग द्वारा सघन गुण नियंत्रण अभियान की शुरूआत की गई है। यह अभियान 15 नवम्बर तक जिलेभर में संचालित होगा। संयुक्त निदेशक कृषि (विस्तार) अतीश कुमार शर्मा ने बताया कि अभियान के दौरान निरीक्षण दल द्वारा कृषि आदान निर्माताओं एवं विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों एवं गोदामों का निरीक्षण किया जाएगा। इस दौरान उर्वरक, बीज एवं कीटनाशकों के नमूने लेकर उन्हें राजकीय परीक्षण प्रयोगशालाओं में जांच हेतु भेजा जाएगा तथा अमानक पाए जाने पर संबंधित अधिनियमों के तहत सख्त कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि आदान विक्रेता कृषकों को उचित दर पर कृषि आदान उपलब्ध कराएं, प्रतिष्ठानों पर मूल्य सूची का प्रदर्शन, रिकॉर्ड संधारण, कृषकों को पक्का बिल देना एवं अधिकृत गोदामों में ही कृषि आदानों का भंडारण किया जाए, इन सभी प्रावधानों की पूर्ण पालना की जाए। संयुक्त निदेशक ने बताया कि अधिनियमों की अवहेलना अथवा अनियमितता पाए जाने पर संबंधित फर्मों के विरुद्ध बिक्री पर रोक, जब्ती, लाइसेंस निलंबन या निरस्तीकरण जैसी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि अब तक जिले में कृषि आदानों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु बीज के 133, उर्वरक के 300 तथा कीटनाशी के 30 नमूने लिए गए हैं। इनमें से 12 नमूने प्रयोगशाला द्वारा अमानक घोषित किए गए हैं, जिनके विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही अमल में लाई जा रही है।

### महिला प्रकोष्ठ की प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त

**कोटा,** (निसं)। राजस्थान सेवानिवृत पुलिस कल्याण संस्थान के प्रदेशाध्यक्ष रिछपाल पूनिया ने कोटा संभाग के अध्यक्ष नवनीत महर्षि की अनुशंसा के आधार पर ललिता लोधा को तत्काल प्रभाव से महिला प्रकोष्ठ का प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त किया हैं। कोटा जिले के अध्यक्ष तेजराज सिंह, संभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष अजय भार्गव, नरेश चीता तथा नरेंद्र कासट ने इस नियुक्ति का स्वागत करते हुए उन्हें हर संभव सहयोग प्रदान करने का विश्वास दिलाया है। नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष ललिता लोधा ने एक वक्तव्य जारी कर कहा कि वे शीघ्र ही संभाग के चारों जिले सहित प्रदेश के सभी जिलों का दौरा कर सघन सदस्यता अभियान सुनिश्चित करेगी। महिला सशक्तिकरण हेतु कार्य करना उनका प्रमुख उद्देश्य रहेगा। सर्वप्रथम प्रत्येक जिले में महिला प्रकोष्ठ का गठन के कार्य को गति दी जाएगी। इस हेतु सभी जिलों में गहन विचार-विमर्श के उपरांत ही निर्णय लिया जा सकेगा। लोधा ने राज्य सेवा में कार्यरत रहते हुए भी कई उल्लेखनीय कार्य किए हैं जिसके लिए उन्हें पुलिस मुख्यालय एवं जोन स्तर से अनेक अवसर पर पुरस्कृत भी किया गया है।

### 564 आवेदनों का निस्तारण किया

**कोटा,** (निसं)। बुधवार को नगर निगम कोटा के प्रशासनिक भवन स्थित स्वागत हॉल में चल रहे शहरी सेवा शिविर 2025 में नगर निगम कोटा दक्षिण में कुल 440 आवेदनों का निस्तारण किया गया, जिनमें भूमि संबंधित मामले 3, सड़क, नाली मरम्मत के 5, स्ट्रीट लाईट के 41, जन्म-मृत्यु, विवाह के 155, पीएम स्वनिधि, जनाधार नामांकन व अद्यतन 112, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन के 24, सीडिंग के 5, सामाजिक सुरक्षा पेंशन सत्यापन के 55, पालनहार योजना के 10, का निस्तारण किया गया साथ ही शहरी सेवा शिविर में चल रहे चिकित्सा शिविर के लाभान्वितों की संख्या 9 रही। शहर में विभिन्न स्थानों से कैम्प में सफाई कार्य से जुड़ी जो शिकायते प्राप्त हुई उनका भी त्वरित निस्तारण किया गया। इसी क्रम में अगला शिविर गुरूवार को नगर निगम कोटा दक्षिण के वार्ड संख्या 64,75,76,77,80 का प्रशासनिक भवन स्थित स्वागत हॉल में आयोजित किया जायेगा।

### राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर आयोजित

**रामगंजमण्डी** (निसं)। शहर के श्री हीरा भाई परीख राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में 8 अक्टूबर बुधवार को एक दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का आयोजन प्रधानाचार्या गार्गी मेहता की अध्यक्षता मे किया गया। मुख्य अतिथि विभा रांवका, जनप्रतिनिधि, विशिष्ठ अतिथि विद्यालय, भूतपूर्व उपप्रधानाचार्या रक्षिय जैन एसडीएससी सदस्य रेखा सोनी व विद्यालय के सेवानिवृत दिनेश कुमार गुप्ता व्याख्याता ने सरस्वती पूजन के साथ विधिवत उद्घाटन किया। शिविर में स्वयं सेविकाओं द्वारा विद्यालय भवन की छतों की सफाई का कार्य किया गया। तत्पश्चात नशा मुक्त समाज पर पोस्टर प्रतियोगिता व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

### नेत्रदान संपन्न हुआ

**कोटा,** (निसं)। मंगलवार देर रात आरकेपुरम, कोटा निवासी गिरीश चंद्र सक्सेना के आकस्मिक देवलोक-गमन के बाद, उनकी धर्मपत्नी मधुबाला, बेटे अंकित और बेटी रूचि की सहमति से परिजनों ने संस्था शाईन इंडिया फाउंडेशन को ज्योति-मित्र समीर सक्सेना के माध्यम से संपर्क कर मध्य रात्रि नेत्रदान का पुण्य कार्य संपन्न कराया। सहज सरल और विनम्र स्वभाव के गिरीश नागरिक सहकारी बैंक से मैनेजर के पद से सेवानिवृत हुए थे, परिवार प्रारंभ से ही सामाजिक कार्य में जुड़ रहा है इसीलिये, करीबी रिश्तेदार समीर सक्सेना की प्रेरणा पर परिजनों ने नेत्रदान के लिए सहमति दे दी।

# मुख्य सचिव ने शहरी एवं ग्रामीण सेवा शिविरों की समीक्षा की

**कोटा,** (निसं)। मुख्य सचिव सुधांश पंत की अध्यक्षता में बुधवार को वीसी के माध्यम से बैठक आयोजित कर शहरी एवं ग्रामीण सेवा शिविर अभियान की प्रगति की समीक्षा की गई। उन्होंने निर्देश दिए कि इन शिविरों के माध्यम से आमजन के प्रकरणों का त्वरित निस्तारण किया जाए और अभियान को सार्थक बनाया जाए।

मुख्य सचिव ने शिविरों में अब तक की प्रगति के बारे में विभागवार समीक्षा की और निर्देश दिए कि अभियान को संवेदनशीलता के साथ क्रियान्वित करें। जिन जिलों में कम प्रगति हुई है वे अपनी प्रगति बढ़ाएं। शिविरों में जो कमियां हैं उन्हें दूर किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि शिविरों में आधिकाधिक पात्र लोगों को पट्टों का वितरण किया जाए। पीएम स्वनिधि योजना में ऋण स्वीकृति त्वरित रूप से की जाए। पीएम जन धन, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन आदि सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से अधिकाधिक पात्र लोगों को लाभान्वित किया जाए।

उन्होंने निर्देश दिए कि दीपावली पर्व के लिए स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जाए। सघन अभियान चलाया जाकर पूर्ण स्वच्छता और सुंदरता के लिए कार्य शुरू किया जाए।



मुख्य सचिव सुधांश पंत ने शहरी एवं ग्रामीण सेवा शिविर अभियान की प्रगति की समीक्षा की।

सड़कें दीपावली से पूर्व दुरुस्त कर दी जाएं। स्ट्रीट लाइट भी दुरुस्त की जाएं और आवश्यकतानुसार नई लाइट भी लगाई जाएं। बाढ एवं अतिवृष्टि से क्षतिग्रस्त हुई परिसंपत्तियों में मरम्मत सुधार आदि के कार्य शीघ्र शुरू कर जनवरी-फरवरी तक पूर्ण कर लिए जाएं। मुख्य सचिव ने अभियान के अंतर्गत श्रेष्ठ कार्य करने वाले जिलों की सराहना की। सेवा पर्व के अंतर्गत आयोजित रक्तदान शिविर में कोटा की पहली रैंक पर कोटा के रक्तदाताओं को साधुवाद दिया। बैठक में बताया गया कि वस्त्र एवं अन्य उपयोगी सामग्री संग्रहण के अभियान, ग्रामीण विकास विभाग की गतिविधियों सहित अन्य कुछ बिंदुओं में भी कोटा टॉप 5 जिलों में शामिल रहा है।

वीसी में संभागीय आयुक्त एवं जिला कलेक्टर पीयूष समारिया, अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रशासन वीरेंद्र सिंह यादव, एडीएम सीलिंग कृष्णा शुक्ला, कोटा विकास प्राधिकरण आयुक्त ममता तिवारी, केडीए सचिव मुकेश चौधरी, सीईओ जिला परिषद कमल कुमार मीणा, नगर निगम उत्तर आयुक्त अशोक त्यागी एवं दक्षिण आयुक्त ओमप्रकाश मेहरा एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### वरिष्ठ नागरिक संस्थान ने सामाजिक कार्य किए

**कोटा,** (निसं)। वरिष्ठ नागरिक संस्थान द्वारा इंटरनेशनल डे ऑफ ओल्डर पर्सन्स के उपलक्ष्य में प्रथम सप्ताह भर सामाजिक कार्य किए गए। अध्यक्ष टी पी एस सेठी ने बताया कि कार्यक्रम की शुरूआत 1 अक्टूबर को प्रातः हवन के साथ की गई, 2 तारीख को प्रताप कॉलोनी गोशाला में गायों को चारा खिलाया गया, 3 तारीख को करनी विकास समिति के वृद्धाश्रम में वृद्धजन को खाना खिलाया गया, 4 तारीख को मदर टेरेसा होम में राशन वितरित किया गया और 6 तारीख को जेके लोन हॉस्पिटल में नवजात शिशुओं को कम्बल वितरित किए गए और आखिरी दिन 7 तारीख को कैंसर वार्ड (एमबीएस हॉस्पिटल) में कैंसर पेशेंट्स को डॉक्टर तंवर के सान्निध्य में स्नैक्स, फ्रूट और दूध सर्व किया गया। सचिव डीके अरोड़ा ने बताया कि सप्ताह भर चलने वाले इस कार्यक्रम में संस्था जरूरतमंदों की सेवा करने के लिए तत्पर रहती है। एग्जीक्यूटिव चेयरमैन ब्रिगेडियर एन एस कपूर, राम मदनानी, ट्रेजरार एन पी सोनी के अतिरिक्त नीलू सेठी, अनुराधा अग्रवाल, वर्षा अरोडा, मालती पाठक, नंदिता राय, एनके गुप्ता आदि कई साथियों ने अपना योगदान दिया।

# वन्य जीव सप्ताह का समापन समारोह आयोजित

**कोटा,** (निसं)। जिला कलेक्टर पीयूष समारिया ने कहा कि इंसानों का वन्य जीवन एवं प्रकृति के साथ कैसे समन्वय स्थापित हो इस पर सकारात्मक सोच विकसित करते हुए हमें इंसान एवं वन्य जीवन के बीच संतुलन की दिशा में प्रयास करने होंगे। उन्होंने कहा कि हमें अपने बच्चों को वन्य जीवन एवं प्रकृति के बारे में जागरुक करना होगा। उन्हें समझाना होगा कि हमारे ईको सिस्टम को बनाए रखने में मानव जाति के साथ दूसरी प्रजातियों का सह-अस्तित्व महत्वपूर्ण है।

जिला कलेक्टर बुधवार को नयापुरा स्थित चिड़ियाघर में आयोजित वन्य जीव सप्ताह के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस बार वन्य जीव सप्ताह की थीम काफी अच्छी है जिसमें मानव जीवन एवं वन्य जीवन के बीच सह-अस्तित्व पर फोकस किया गया है। उन्होंने कहा कि वन्य जीव सप्ताह जैसे आयोजनों को बढ़ावा देते हुए हमारे बच्चों को प्रकृति से जोड़ने और वन्य जीवन के बारे में उन्हें जागरुक करने के निरंतर प्रयास करने होंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा ईको सिस्टम को मजबूत बनाने की दिशा में हरित राजस्थान अभियान के तहत अधिक से अधिक पौधारोपण को बढ़ावा दिया जा रहा है। साथ ही, मुकुन्दरा हिल्स टाईगर रिजर्व को और अधिक सुरक्षित बनाने की दिशा में भी कार्य किए जा रहे हैं।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि कोटा शहर एसपी तेजस्वनी गौतम ने प्रकृति द्वारा प्रदत्त वस्तुओं का संतुलित उपयोग करते हुए जल एवं वायु प्रदूषण रोकने की अपील की। उन्होंने रेगिस्तानी जिलों में पानी की एक-एक बूंद की कीमत को उदाहरण के माध्यम से समझाते हुए कहा कि चम्बल नदी कोटा संभाग के लिए एक वरदान है। यहां चम्बल के कारण पानी की कोई कमी नहीं लेकिन हमें इस पानी को व्यर्थ में बहाने से बचना होगा। इसके स्वच्छ पानी को हमें कूड़ा एवं प्लास्टिक डालकर गंदा नहीं करना है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार स्वच्छ भारत अभियान में बच्चों ने मेस्कट बनकर जागरुकता पैदा की थी। उसी प्रकार हमें इन्हें हमारी बायोडायवर्सिटी को बचाने के लिए ब्रेंड एम्बेसडर बनाना होगा। उन्हें वन्य जीवन, पशु-पक्षियों एवं प्रकृति के करीब ले जाना होगा ताकि वे इसका महत्व समझ सकें। मुख्य वन संरक्षक एवं क्षेत्र निदेशक मुकुन्दरा हिल्स टाईगर रिजर्व सुगना राम जाट ने कहा कि बढ़ते हुए शहरीकरण एवं जनसंख्या वृद्धि के कारण वन्य जीवों के कोरिडोर खत्म हो रहे हैं, उनके आवास सीमित हो रहे हैं और वे कई जगह उनके इंसानी बस्तियों में प्रवेश करने की घटनाएं सामने आई हैं।

उन्होंने कहा कि हमें ईको सिस्टम को बेलेंस करने के लिए वन्य जीवन के साथ संतुलन स्थापित करना ही होगा। संभागीय मुख्य वन संरक्षक सोनल जोरिहार ने कहा कि वन्य जीव सप्ताह के दौरान सीखी हुई चीजों को बच्चे अपने दिन-प्रतिदिन के जीवन में अपनाते हुए वन्य जीव संरक्षण के प्रति जागरुक बनें।

# कोटा कॉ-ऑपरेटिव बैंक एवं सहकारिता विभाग की योजनाओं की समीक्षा बैठक संपन्न

**कोटा,** (निसं)। जिला कलेक्टर पीयूष समारिया की अध्यक्षता में बुधवार को डीसीडीसी एवं डीएलएमआरसी की सितंबर 2025 समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले की सभी ग्राम पंचायतों में शत-प्रतिशत पैक्स निर्माण की प्रगति पर चर्चा की गई। कलक्टर समारिया ने इस उपलब्धि पर संतोष व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को इसे सतत रूप से क्रियाशील बनाए रखने के निर्देश दिए।

उन्होंने डब्ल्यूडीआरडीए के तहत निर्मित 500 मेट्रिक टन क्षमता वाले गोदामों का शीघ्र पंजीकरण कराने के निर्देश दिए ताकि उनका उपयोग कृषि उत्पादन, भंडारण एवं वितरण कार्यों में समय पर किया जा सके।

कलक्टर समारिया ने कहा कि जिले की 153 फंक्शनल सीएससी केंद्रों पर विभिन्न गतिविधियों में ट्रांजैक्शन बढ़ाए जाएं एवं उनका सार्वजनिक डिस्प्ले सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि मिल्क सोसाइटियों को माइक्रो एटीएम प्रशिक्षण देकर वित्तीय लेन-देन को बढ़ाया जाए और इनकी नियमित निगरानी की जाए। डीएलएमआरसी की समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले में डिपॉजिट टारगेट पूरे कर लिए गए हैं। इस पर कलक्टर समारिया ने निर्देश दिए कि कैश डिपॉजिट को और बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास किए जाएं। बैठक में बताया कि मार्च 2025 में बैंक लोन डायवर्सिफिकेशन 12.79 प्रतिशत था जो अब बढ़कर 16 प्रतिशत हो गया है। इस पर उन्होंने कहा कि मार्च 2026 तक 20 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार की जाए। बैठक में बताया गया कि कोटा जिले का एनपीए 1.96 प्रतिशत है, जो संतोषजनक है, लेकिन इटावा क्षेत्र में एनपीए अधिक होने पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को विशेष समीक्षा कर रिकवरी कार्यों को तेज करने के निर्देश दिए। बैठक में एनयूएलएम मैनेजर हेमलता गांधी ने जानकारी दी कि जिले की महिला स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) स्वदेशी उत्पादों के प्रचार-प्रसार एवं मोटे अनाज आधारित कार्यों में उत्कृष्ट योगदान दे रही हैं। उन्होंने बताया कि दशहरे मेले में एसएचजी द्वारा प्रदर्शित उत्पादों को विशेष सराहना मिली है। कलक्टर समारिया ने इस पर कहा कि महिला समितियों और समूहों के कार्यों का प्रचार-प्रसार अधिक किया जाए, ताकि अन्य महिलाएं भी प्रेरित होकर आत्मनिर्भर बनें।

बैठक में बलविंदर सिंह गिल, प्रबंध निदेशक, कोऑपरेटिव विभाग द्वारा विभागीय प्रगति की जानकारी प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर राजेश मीणा, डिप्टी रजिस्ट्रार कोऑपरेटिव; गोविंद प्रसाद लड्ढा, स्पेशल ऑडिट ऑफिसर; रामप्रसाद शर्मा, जिला विकास प्रबंधक, नाबार्ड; एनयूएलएम मैनेजर हेमलता गांधी सहित विभिन्न अधिकारी उपस्थित रहे।

### फसल खराबे की सूचना के लिए शिविर आज से

**कोटा,** (निसं)। ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर के निर्देश पर सांगोद विधानसभा क्षेत्र में फसल खराबे की सूचना देने के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत पर गुरूवार और शुक्रवार को शिविर लगाए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों क्षेत्र में ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर के दौरे के दौरान खेतों पर जाकर फसल खराबा देखा था। उसके बाद उन्होंने प्रमुख शासन सचिव से बात कर कृषि अधिकारियों को शिविर लगाने के निर्देश दिए थे। संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार ने बताया कि सांगोद विधानसभा क्षेत्र की सभी 51 पंचायतों में ग्राम पंचायत भवन पर शिविर लगाए जाएंगे।

# राज्य अल्पसंख्यक आयोग सदस्य ने बैठक ली



राज्य अल्पसंख्यक आयोग सदस्य हरदीप सिंह चहल ने कोटा में अधिकारियों की बैठक ली।

**कोटा,** (निसं)। राज्य अल्पसंख्यक आयोग सदस्य हरदीप सिंह चहल ने जिले के प्रवास के दौरान अल्पसंख्यक समुदाय के व्यक्तियों एवं जिला प्रशासन के साथ बैठक कर अल्पसंख्यक विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं एवं सिक्ख अभ्यर्थियों के प्रतियोगी परीक्षाओं में कड़ा, कृपाण एवं पगड़ी आदि धारण कर शामिल होने की अनुमति के संबंध में राज्य सरकार के जारी परिपत्र की पालना कराने के लिए चर्चा की।

जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी त्रिलोक चन्द मीणा ने राज्य अल्पसंख्यक आयोग सदस्य को विभागीय योजनाओं की जानकारी दी एवं राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के लिए अल्पसंख्यक समुदाय के व्यक्तियों को प्रेरित करने के लिए किए जा रहे प्रयासों के बारे में बताया।

# सरकारी स्कूल के प्रधानाचार्य की विदाई में फूट-फूट कर रोने लगे बच्चे

**छबड़ा** (निसं)। यहां के एक सरकारी स्कूल में प्रधानाचार्य की विदा पर बच्चे फूट-फूट कर रो पड़े। यह भावुक दृश्य तब देखने को मिला जब प्रधानाचार्य का तबादला हो गया। बच्चों का अपने शिक्षक के प्रति यह गहरा लगाव बताता है कि कैसे एक गुरु न केवल शिक्षा देते हैं, बल्कि बच्चों के जीवन में एक महत्वपूर्ण स्थान भी बना लेते हैं।

दरअसल, उच्च माध्यमिक विद्यालय झरखेड़ी के प्रधानाचार्य राहुल कुमार चौपड़ा का उनके गृह जिले अलवर में स्थानांतरण हो जाने पर विद्यालय में आयोजित विदाई समारोह में विद्यार्थी फूट-फूट कर रोने लगे। इससे बढ़कर एक प्रधानाचार्य के लिए सम्मान और पुरस्कार क्या हो सकता है। विदा के पलों पर उनके 2023 से 2025 तक के सफल कार्यकाल को याद किया गया। घ्यहां अतिथि के रूप में षिरकत कर रहे निरंजन शर्मा, छीतरलाल कसाना, शंकरलाल नागर, पीईईओ नरेंद्र कुमार अग्रवाल ने कहा कि चौपड़ा के नेतृत्व में विद्यालय ने शैक्षणिक और सहशैक्षणिक गतिविधियों में अभूतपूर्व प्रगति की। इनके कार्यकाल में विद्यालय का परीक्षा परिणाम बेहतर हुआ और छात्रों के लिए कई नई सुविधाएँ भी शुरू की गईं। इस विदाई समारोह ने यह साबित कर दिया कि एक अच्छा शिक्षक या प्रधानाचार्य केवल पाठ्यक्रम नहीं पढ़ाता, बल्कि वह पीढ़ियों को प्रेरित करता है। कक्षा 12वीं की छात्रा अंजली मीणा ने भरे गले से कहा कि 'सर केवल प्रिंसिपल नहीं थे, वह हमारे प्रेरणास्रोत थे। उन्होंने हमें केवल पढ़ाया नहीं, बल्कि जीवन के मूल्यों को भी सिखाया। हम उनके मार्गदर्शन को हमेशा याद रखेंगे। कई छात्र-छात्राएं इस दौरान मन ही मन भावुक होकर रो पड़े। विद्यालय परिवार ने प्रधानाचार्य चौपडा को चांदी का नारियल और शिक्षकों ने चांदी की चैन, अंगूठी व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यवाहक प्रधानाचार्य ओमप्रकाश गाडरी ने सभी का आभार व्यक्त किया।


**कृषि विश्वविद्यालय कोटा**
बोरखेडा, बांरा रोड, कोटा 324001 (राज.)

No. :- F. 2 ( )/AU/Kota/2025/8270 Date :- 07/10/2025

**EXPRESSION OF INTEREST (EOI)**

Agriculture University, Kota, invites EOI for leasing out a building admeasuring one Hall 1500 sq.ft. at First Floor to bank/offices. 4 Shops of 300 Sq.ft each at Ground Floor. The EOI of each hall and shop shall be filled separately by lessee. The tender document can be downloaded from **http://sppp.raj.nic.in** of the state and **https://www.aukota.org,** in university website. **(UBN: AUK2526SSOB00061 NIB: AUK2526A0057)**

Raj.Samwad/C/25/11681 REGISTRAR



**लोक सूचना** **कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी नगर विकास न्यास, कोटा**

क्रमांक : LU2012/KOT/2025-26/100962 दिनांक : 18.09.2025

श्रीमति PRATIBHA SAROJA पत्नि श्री RAKESH SAROJA जाति KALAL SA निवासी SURYA VILLA, EMMANUAL SCHOOL KE PASS RAJENDRA HOTEL ROAD, DADWARA श्रीमति PITAMBARI DEVI पत्नि श्री RAMESH CHANDRA जाति KALAL SA निवासी SURYA VILLA, EMMANUAL SCHOOL KE PASS RAJENDRA HOTEL ROAD, DADWARA ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का वाणिज्य प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारी के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात:-

| क्र. सं. | ग्राम तहसील व जिले का नाम | खातेदार का नाम | खसरा सं. | क्षेत्रफल (वर्ग मीटर) | क्षेत्रफल (हैक्टे.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | नया नोहरा, लाडपुरा (कोटा) | PRATIBHA SAROJA W/O RAKESH SAROJA & PITAMBARI DEVI W/O RAMESH CHANDRA | 355/18 | 400 | 0.04 |
| | | | | कुल | 0.04 |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर अपनी एसएसओ आईडी से लॉग इन कर 90-A For Development Authority (UDH) आईकॉन पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते है। उपर्युक्त नियम समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नही है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जावेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 18.09.2025 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी, कोटा विकास प्राधिकरण (केडीए)



**राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा**

क्रमांक 1816 **जाहिर आम सूचना** दिनांक - 29.9.25

आवास संखअया एम.पी.बी.-80 महावीर नगर कोटा का आवंटन मण्डल द्वारा श्री कफील अहमद पुत्र श्री जमील अहमद को किया गया था। इस आवास का नियमितिकरण श्री पुरुषोत्तम मीणा पुत्र श्री मथुरा लाल के नाम दिनांक 04.09.2006 को किया गया। मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर श्री पुरुषोत्तम मीणा पुत्र श्री मथुरा लाल की मृत्यु दिनांक 21.05.2021 को हो चुकी है। श्री पुरुषोत्तम मीणा पुत्र श्री मथुरा लाल द्वारा इस आवास की वसीयत अपने जीवनकाल में दिनांक 06.07.2018 को जरिये वसीयत नामा आलेखित कर दिनांक 18.06.2025 को उप पंजीयक कोटा में पंजीबद्ध करवाया गया। श्रीमती कौशल्या देवी मीणा पत्नी स्व. श्री पुरुषोत्तम मीणा के पक्ष में आलेखित की गई। श्रीमती कौशल्या देवी मीणा पत्नी स्व. श्री पुरूषोत्तम मीणा द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या एम.पी.बी.-80 महावीर नगर, कोटा को उक्त आवास का हस्तान्तरण/प्रतिस्थापन अपने नाम आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं वसीयत नामा के आधार पर करने हेतु आवेदन किया गया।

अतः उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बंधक पत्र, शपथ पत्र घोषणा पत्र मृत्यु, प्रमाण पत्र एवं वसीयत नामा के आधार पर श्रीमती कौशल्या देवी मीणा पत्नी स्व. श्री पुरुषोतम गीणा के नाम करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुए कि उक्त आवास का हस्तांतरण/ प्रतिस्थापन श्रीमती कौशल्या देवी मीणा पत्नी स्व. श्री पुरूषोत्तम मीणा के नाम किए जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार की कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्रीमती कौशल्या देवी मीणा पत्नी स्व. श्री पुरूषोत्तम मीणा के नाम कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा



**कार्यालय नगर निगम, कोटा दक्षिण ( राज. )**

क्रमांक:-ननिकोद/जोन-प्रथम/भ.नि.अनु./2025/9571 दिनांक: 8.10.25

**स्वामित्व हस्तांतरण बाबत सार्वजनिक विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि श्री हेमन्त कुमार शर्मा पुत्र स्व. श्री राम नारायण शर्मा एवं श्री भूपेश कुमार शर्मा पुत्र स्व. श्री राम नारायण शर्मा एवं श्री महेन्द्र कुमार पुत्र स्व. श्री राम नारायण निवासी भूखण्ड संख्या 93, शोपिंग सेन्टर, कोटा (राज०) ने नगर निगम, कोटा दक्षिण में आवेदन प्रस्तुत कर भूखण्ड संख्या 93, शोपिंग सेन्टर, कोटा क्षेत्रफल 2400 वर्गफुट का स्वामित्व स्वयं के नाम हस्तांतरण करने का निवेदन किया है। भूखण्ड संख्या 93 शोपिंग सेन्टर, कोटा क्षेत्रफल 2400 वर्गफुट का आवंटन सिटी इम्प्रूवमेनट ट्रस्ट, कोटा द्वारा पत्र क्रमांक ( )Acctts/59/3519 दिनांक 17.12.1959 से श्री किशन दास पुत्र श्री सेवा राम को किया गया। श्री किशन दास ने उक्त भूखण्ड का पूर्वी आधा भाग जर्ये रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 06.09.1960 से श्री जगन्नाथ पुत्र श्री बजरंग लाल को विक्रय कर दिया तथा शेष पश्चिमी आधा भाग जर्ये रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 09.11.1962 से श्रीमती केशर बाई पत्नी श्री गुंरादी लाल को विक्रय कर दिया। श्री जगन्नाथ ने उक्त भूखण्ड में से क्रय शुदा आधा भाग जर्ये रजिस्टर्ड दस्तावेज दिनांक 12.11.1962 से श्रीमती केशर बाई पत्नी श्री गुंरादी लाल को विक्रय कर दिया। श्रीमती केशर बाई ने उक्त भूखण्ड पर निर्मित पूर्व की ओर की पहले नम्बर की दुकान और उसके आगे का बरामदा जर्ये रजिस्टर्ड दस्तावेज दिनांक 26.11.1966 से श्रीमती पुष्पा बाई पत्नी श्री राम नारायण को व दूसरे नम्बर की दुकान ओर उसके आगे का बरामदा जर्ये रजिस्टर्ड दस्तावेज दिनांक 26.11.1966 से श्री महेन्द्र कुमार पुत्र श्री राम नारायण पटेल नाबालिग बाविलात श्री राम नारायण पटेल खुद कुदरती वली को व तीसरे नम्बर की दुकान ओर उसके आगे का बरामदा जर्ये रजिस्टर्ड दस्तावेज दिनांक 26.11.1966 से श्री प्रदीप कुमार पुत्र श्री राम नारायण नाबालिग बाविलात श्री राम नारायण पटेल खुद कुदरती वली को तथा बाकी बचा कुल हिस्सा जर्ये रजिस्टर्ड दस्तावेज दिनांक 26.11.1966 से श्री रामनारायण पटेल पुत्र श्री पन्ना लाल पटेल को विक्रय कर दिया। श्री रामनारायण पटेल ने जर्ये रजिस्टर्ड वसीयत नामा दिनांक 03.10.2006 से उक्त भूखण्ड में से क्रय शुदा स्वयं के भाग की वसीयत श्री हेमन्त कुमार शर्मा पुत्र श्री राम नारायण शर्मा व श्री भूपेश शर्मा पुत्र श्री राम नारायण शर्मा के नाम दी तथा श्री राम नारायण का देहावसान दिनांक 22.07.2008 को हो गया। श्रीमती पुष्पा बाई ने जर्ये रजिस्टर्ड वसीयत नामा दिनांक 29.01.2007 से उक्त भूखण्ड में से स्वयं द्वारा क्रय शुदा भाग की वसीयत श्री हेमन्त कुमार शर्मा पुत्र श्री राम नारायण शर्मा के नाम कर दी। आवेदकों द्वारा प्रस्तुत आवेदन अनुसार नगर निगम, कोटा दक्षिण में उक्त भूखण्ड के स्वामित्व नाम हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। उक्त भूखण्ड का स्वामित्व नाम हस्तांतरण करने में किसी व्यक्ति, संस्था या अन्य किसी को भी जो उक्त भूखण्ड से संबंध रखता है, को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में उपायुक्त, नगर निगम, कोटा दक्षिण कार्यालय में प्रस्तुत करें। बाद मियाद आपत्ति मान्य नहीं होगी।

उपायुक्त नगर निगम कोटा दक्षिण



**राजस्थान सरकार**
**कार्यालय सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग कोटा खण्ड कोटा**

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 के अधीन नोटिस

समस्त संबंधित व्यक्तियों को

मुकदमा नम्बर 86/2025

(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)

श्री वरुण रमन अदलक्खा पुत्र श्री रेवती रमन पहाडी मार्ग साहू मन्दिर के पास छबडा जिला बारां द्वारा राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (2) के अन्तर्गत प्रन्यास "सेवकमान चेरिटेबल ट्रस्ट" पहाडी मार्ग साहू मन्दिर के पास छबडा तह छबडा जिला बारां के सम्बन्ध में पंजीयन हेतु जांच किये जाने के लिये आवेदन-पत्र दिया है।

अतएव धारा 18 की उप-धारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिये, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से 60 दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां यदि कोई हो प्रस्तुत करें।

और सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित प्रक्रिया अनुसार निर्णित किया जायेगा तथा जांच प्रपत्र मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जायेगा।

आज दिनांक 14.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय की मोहर के अधीन जारी किया गया। प्रकरण में आगामी सुनवाई की दिनांक 16.10.2025 है।

सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग कोटा



नगर निगम, कोटा दक्षिण-उत्तर

**132वाँ राष्ट्रीय दशहरा मेला, कोटा**

**दिनांक 9-10-2025, गुरुवार के कार्यक्रम**

**रंगोली, माण्डना एवं मेहंदी प्रतियोगिता**

दोपहर 12:00 बजे। नगर निगम कार्यालय परिसर

गरिमामयी उपस्थिति

श्रीमती सुनिता नायक – डायरेक्टर कोटा महिला नागरिक सहकारी बैंक
श्रीमती सुरभि झामनानी – डायरेक्टर कोटा महिला नागरिक सहकारी बैंक
श्रीमती पूनम जैन – जिला महामंत्री भाजपा महिला मोर्चा कोटा शहर
श्रीमती सरोज वर्मा – जिला मंत्री भाजपा कोटा शहर

**साफा प्रतियोगिता**

रात्रि 07:00 बजे। विजय श्री रंगमंच, दशहरा मैदान

गरिमामयी उपस्थिति

श्री हेमराज सिंह हाड़ा – उपाध्यक्ष नागरिक सहकारी बैंक, कोटा
श्री कुलदीप तलवार – जिला उपाध्यक्ष भाजपा कोटा शहर
श्री के.पी. सिंह – जिला संयोजक प्रकोष्ठ भाजपा कोटा शहर
श्रीमती चंचल राठौड़ – जिला मंत्री भाजपा कोटा शहर
श्री हिम्मत सिंह हाड़ा – भाजपा नेता

**भजन संध्या** (अभिलिप्सा पांडा)

रात्रि 08:30 बजे। विजय श्री रंगमंच, दशहरा मैदान

गरिमामयी उपस्थिति

श्रीमती चन्द्रकांता मेघवाल – पूर्व विधायक केशवरायपाटन जिला बून्दी
डॉ. हेमा सरस्वती – महामण्डलेश्वर मौजीबाबा गुफा धाम
बाबा शैलेन्द्र भार्गव – महन्त गोदावरी धाम कोटा
श्री धर्मवीर पुजारी – पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा चुरू
श्री सुमेर सिंह – प्रभारी अनन्त चतुर्दशी महोत्सव आयोजन समिति, कोटा
श्री बाबूलाल मेघवाल – वरिष्ठ भाजपा नेता

**किसान रंगमंच**

रात्रि 08:00 बजे

गरिमामयी उपस्थिति

श्री प्रणय दुबे – जिला प्रवक्ता भाजपा कोटा शहर
श्री संजय त्रिपाठी – भाजपा मण्डल अध्यक्ष विज्ञान नगर
श्री गजेन्द्र सिंह देवड़ा (बॉबी टेलर) – मण्डल प्रतिनिधी विज्ञान नगर
श्री नरेन्द्र सोनी लाला – पूर्व मण्डल अध्यक्ष विज्ञान नगर

**फेज़ 2, दशहरा मैदान**

उपरोक्त कार्यक्रमों में आप सपरिवार सादर आमंत्रित हैं

विनीत : **विवेक राजवंशी**, अध्यक्ष एवं समस्त सदस्य, मेला समिति तथा नगर निगम कोटा दक्षिण-उत्तर

राजस्थान संवाद